दिन–सोमवार                                                                 दिनांक– 01/04/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                                    अवधिः– 15 मिनट

---

नमस्कार, ये आकाशवाणी पटना है। अब आप **अभिषेक दास** से प्रादेशिक समाचार सुनिये। पहले मुख्य समाचार.......

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार अप्रैल को बिहार में जमुई से एनडीए के चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे।

02. उन्नीस अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए गया, औरंगाबाद, जमुई और नवादा संसदीय क्षेत्रों में नाम वापसी की कल अंतिम तिथि।

03. कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा के बाद पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता असितनाथ तिवारी ने भी आज पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तापमान में बढ़ोतरी। इकतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ वैशाली राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

विस्तार से.........

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार में जमुई से एनडीए के चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। श्री मोदी चार अप्रैल को खैरा के बल्लोपुर में एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में भी श्री मोदी ने जमुई से ही चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की थी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार भी चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत ऐतिहासिक होगी।

———बाईट———

गौरतलब है कि जमुई लोकसभा क्षेत्र से लोजपा, रामविलास के अरूण भारती एनडीए उम्मीदवार हैं।

———————————————————————

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और गया संसदीय सीट से एनडीए उम्मीदवार जीतनराम मांझी ने कहा है कि इस बार देश की जनता ने एनडीए को चार सौ सीटों पर जीत दिलाने का संकल्प ले लिया है। गया में संवाददाताओं से बातचीत में श्री मांझी ने कहा कि उन्हें इस बार कोई चुनौती नजर नहीं आ रही है।

———बाईट———

————————————————————————————

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता असित नाथ तिवारी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। श्री तिवारी ने कहा कि वे व्यक्तिगत कारणों से पार्टी छोड़ रहे हैं।

———बाईट———

गौरतलब है कि कल कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा ने भी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

————————————————————————————

कांग्रेस नेता पप्पू यादव ने कहा है कि वे अब दो अप्रैल की जगह चार अप्रैल को पूर्णियां लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र भरेंगे। श्री यादव ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से एक बार फिर पूर्णियां सीट कांग्रेस के लिए छोड़ने का आग्रह किया है।उन्होंने कहा कि वे पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व के फैसले का इंतजार कर रहे हैं।

———बाईट———

इस बीच पूर्णिया लोकसभा सीट से राजद उम्मीदवार बीमा भारती ने कहा है कि पप्पू यादव उनके अभिभावक हैं और वे उन्हें नामांकन के दिन बुलाएंगी।

———बाईट———

गौरतलब है कि इंडी गठबंधन में सीट बंटवारे के तहत पूर्णियां सीट राजद के खाते में गई है लेकिन पप्पू यादव पूर्णियां से ही चुनाव लड़ने पर अडिग हैं।

————————————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे दरभंगा लोकसभा क्षेत्र में चुनाव की तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

मिथिला की हृदयस्थली दरभंगा जिला तीन तीन संसदीय क्षेत्रों के अंतर्गत आता है। गौराबौराम, बेनीपुर, अलीनगर, दरभंगा ग्रामीण, दरभंगा तथा बहादुरपुर विधानसभा क्षेत्र को मिलाकर दरभंगा संसदीय क्षेत्र गठित है। जबकि केवटी और जाले विधानसभा क्षेत्र मधुबनी लोकसभा क्षेत्र मे तथा कुशेश्वरस्थान और हायाघाट विधानसभा क्षेत्र समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत है। जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राजीव रौशन ने बताया कि दरभंगा जिले में कुल दो हजार नौ सौ उनतालिस मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

(बाइट–डीएम)

जिले मे नये मतदाताओं की संख्या भी अच्छी खासी है। युवा मतदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा है ।

( बाइट– पहली बार मतदान करने वाली मुस्कान कुमारी)

जिले मे चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुन्नाथ रेड्डी जल्ला रेड्डी ने बताया कि जिले मे लगातार अवांछित तत्वों पर नजर रखी जा रही है। जिले में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन करवाया जा रहा है।

(बाइट–एस एस पी)

दरभंगा संसदीय सीट पर सीधा मुकाबला भाजपा और राजद के बीच है।भाजपा ने एक बार फिर से गोपालजी ठाकुर को प्रत्याशी बनाया है जबकि महागठबंधन ने राजद के ललित कुमार यादव को मैदान मे उतारा है।

आकाशवाणी समाचार के लिए दरभंगा से मणिकांत झा।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए उम्मीदवार कल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण के तहत गया, औरंगाबाद, जमुई और नवादा में उन्नीस अप्रैल को मतदान होना है। इन सीटों पर उनतालीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन सीटों पर बहत्तर उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे थे, जिसमें तैंतीस नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये थे। गया संसदीय सीट से पंद्रह, जमुई से सात, नवादा से आठ और औरंगाबाद से नौ उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए कटिहार, किशनगंज, पूर्णियां, भागलपुर तथा बांका संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। आज नामांकन के तीसरे दिन किशनगंज और पूर्णियां से दो–दो नामांकन दाखिल किए गए। कटिहार, भागलपुर और बांका संसदीय क्षेत्रों से किसी भी प्रत्याशी ने पर्चा नहीं भरा।

———————————————————————

आज औरंगाबाद और सहरसा में दो–दो तथा भागलपुर, गया, मुजफ्फरपुर, नालंदा और नवादा आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में एक–एम मामले दर्ज किए गए।

———————————————————————

चुनाव आयोग के निर्देश पर प्रदेश भर में चलाए जा रहें अभियान के तहत कल तिरेपन लाख रूपये मूल्य की अठारह हजार छह सौ इक्कीस लीटर शराब बरामद की गई। साथ ही तीन लाख रूपये से अधिक नकद जब्त किए गए।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन और वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने आज सिकंदरपुर स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने भवन की सुरक्षा के लिए और अधिक सुरक्षा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति तथा अग्निशमन यंत्र लगाने का निर्देश दिया।

—————————————————————

दरभंगा जिले के बहेरी प्रखंड के पघाड़ी पंचायत अंतर्गत चालीस प्रतिशत से कम मतदान वाले विभिन्न बूथों पर जीविका दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

—————————————————————

सहरसा जिले के स्थापना दिवस पर आज स्वीप अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

—————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई जगहों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान इकतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ वैशाली राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक शैलेन्द्र कुमार पटेल ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। उसके बाद अगले तीन दिनों के दौरान तापामान मे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और वृद्धि हो सकती है।

——शैलेन्द्र कुमार पटेल —

—————————————————————

भारतीय सूचना सेवा की वरिष्ठ अधिकारी शेफाली शरण ने आज पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक का कार्यभार संभाला। उन्नीस सौ नब्बे बैच की अधिकारी शेफाली शरण ने मनीष देसाई के सेवा निवृत होने के बाद इस पद का कार्यभार संभाला। वे निर्वाचन आयोग और वित्त मंत्रालय में भी काम कर चुकी हैं।

—————————————————————

सेवा मुक्त किये गए अतिथि शिक्षकों ने आज पटना में जमकर प्रदर्शन किया। ये सभी मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने जा रहे थे। पुलिस ने पहले प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की लेकिन जब वे नहीं माने तो उनपर लाठी चार्ज की गई। लाठी चार्ज की घटना में कई प्रदर्शनकारियों को चोट आई है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने माध्यमिक विद्यालयों में काम कर रहे चार हजार दो सौ संतावन अतिथि शिक्षकों की सेवा समाप्त कर दी थी।

————————————————————

मधेपुरा जिले के बेतौना गांव में एक घर में आग लग जाने से दो बच्चों की झुलस कर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अगलगी की घटना के समय घर में कोई भी बड़ा सदस्य मौजूद नहीं था। इधर, बेगूसराय के दिनकर ग्राम सिमरिया स्टेशन के पास एक घर में खाना बनाने के दौरान सिलेंडर विस्फोट की घटना में पाँच घर जलकर नष्ट हो गए। वहीं, जिले के लाखो और चकिया थाना क्षेत्र में भी अगलगी की घटना में नुकसान की खबर है। दूसरी तरफ शिवहर जिले के पुरनहिया प्रखंड के बेदौल आदम और बराही गांव में आग लगने से डेढ़ दर्जन घर जलकर नष्ट हो गए।

————————————————————

बेगूसराय के हरहर महादेव चौक पर पिछले दिनों एक निजी बैंक से हुई लूट के मामले में पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन देशी पिस्तौल छह कारतूस, एक मोबाइल और एक लाख रूपये बरामद किए गए हैं।

————————————————————

पटना के नौबतपुर से स्थित शेखपुरा बांध के पास से पुलिस ने राहगीरों के साथ लूटपाट करने वाले चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं।

————————————————————

मधुबनी जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कमला पुल के पास पुलिस ने एक चार पहिया वाहन से ढ़ाई हजार बोतल से अधिक नेपाली शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

अररिया जिले के अलग–अगल थाना क्षेत्रों में पुलिस समेत अन्य एजेंसियों ने समकालीन अभियान चलाकर चौवालीस अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से शराब, गांजा, प्रतिबंधित कोडिनयुक्त सीरप समेत अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं।

————————————————————————

नोएडा में आयोजित नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में सहरसा जिले की महिला पहलवान प्रीति–कुमारी ने पचपन किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता हैं। उन्होंने हरियाणा की पहलवान सुरभि को पराजित किया।

————————————————————————

मुख्य समाचार............

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार अप्रैल को बिहार में जमुई से एनडीए के चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे।

02. उन्नीस अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए गया, औरंगाबाद, जमुई और नवादा संसदीय क्षेत्रों में नाम वापसी की कल अंतिम तिथि।

03. कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा के बाद पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता असितनाथ तिवारी ने भी आज पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तापमान में बढ़ोतरी। इकतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ वैशाली राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

————————————————————————

समाप्त हुआ।